हाले दिल | By Gaurav Gauri Dass

मेरी ज़ुबा पे राधा नाम रहे
बस इतना करम कीजो मेरी जुबां पे राधा नाम रहे
छोड़ के इस दुनियादारी को प्यारी तुझसे ही मेरा काम रहे

हाले दिल किसको सुनाएँ आपके होते हुए
क्यों किसी के दर पे जाएँ आपके होते हुए
हाले दिल किसको सुनाएँ ....

अपना जीना अपना मरना बस तेरी चौखट पे है
अब कहना सर को झुकाये आपके होते हुए
हाले दिल किसको सुनाएँ ....

मैं हूँ दासी श्यामा ज्यूँ बस यही पहचान है
अब कहाँ ग़म मोहे सताए आपके होते हुए
हाले दिल किसको सुनाएँ ....

मैं ये कैसे मान जाऊं लाडो दरबार में
मैं ये कैसे मान जाऊं श्यामा दरबार में
छीन ले कोई मेरी अदाएं आपके होते हुए
हाले दिल किसको सुनाएँ ....

सारी दुनिया छोड़ कर तेरी शरण में आ गया
अब कहाँ सरकार जाएँ आपके होते हुए
हाले दिल किसको सुनाएँ ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-by-gaurav-gauri-dass/